CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

देहरादून, मंगलवार 17 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 218 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है: अखिलेश यादव पेज 2



रिषभ की एक और शानदार पारी, उत्तर क्षेत्र बना जेके बोस ट्रॉफी चैम्पियन खेल टाइम्स



गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था सम्पादकीय



ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प पेज 12



श्रीनगर: इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन को आगंतुकों के लिए खोले जाने के बाद लोग इसे देखने आए।

# ऑस्ट्रेलिया-जापान ने भी नौसेना भेजने से किया इन्कार

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान के साथ लगातार बढ़ते तनाव के कारण तेल सप्लाई का यह मुख्य समुद्री रास्ता (होर्मुज स्ट्रेट) बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने करीब सात देशों से होर्मुज स्ट्रेट में अपने युद्धपोत तैनात करने की मांग की है।

ट्रम्प चाहते हैं कि ये देश अपनी नौसेना भेजकर इस रास्ते की सुरक्षा करें। हालांकि, अमेरिका के करीबी सहयोगियों ने इस मांग पर बहुत ही सावधानी भरा रुख अपनाया है और कुछ ने तो इससे साफ इन्कार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस क्षेत्र में नौसैनिक सहायता देने से मना कर दिया है। कैबिनेट मंत्री कैथरीन किंग ने बताया कि यह समुद्री रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पास जहाज भेजने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास इस संबंध में कोई औपचारिक अनुरोध नहीं आया है। मामले पर जापान का रुख भी कुछ ऐसा ही है।



**फीकी पड़ी ट्रम्प की अपील, होर्मुज में नहीं मिला किसी का साथ**


## दुबई हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद उड़ानें निलंबित

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को ड्रोन हमले के बाद उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने हवाई अड्डे के पास आग लगने की घटना के बाद एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में परिचालन रोक दिया।

दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम यात्रियों एवं हवाई अड्डे के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ानों के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें, स्थिति की समीक्षा करने के बाद आधिकारिक चैनलों के माध्यम से आगे की जानकारी दी जाएगी। ड्रोन हमले के कारण हवाई अड्डे की सीमा के पास आग लग गई, जिसे आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत बुझा दिया।

## 27वां रोज़ा

### माहे रमज़ान की रुखसत का पैगाम



आज सत्ताईसवां रोज़ा है। कल छब्बीसवां रोजा और शबे-कद्र (सत्ताईसवीं रात) साथ-साथ थे। यहां यह बात जानना ज़रूरी है कि छब्बीसवां रोज़ा जिस दिन होगा, उसी शाम गुरुबे-आफताब के बाद सत्ताईसवीं रात यानी शबे-कद्र भी शुरू हो जाएगी। छब्बीसवें रोज़े के साथ ताक रात यानी शबे-कद्र आएगी ही।
सत्ताईसवां रोज़ा, तो वैसे भी दोज़ख से निजात के अशरे में अपनी अहमियत रखता ही है।
सत्ताईसवां रोज़ा दरअसल रोज़ेदार को दोहरे सवाब का हकदार बना रहा है। इस्लाम मजहब में जुमा (शुक्रवार) इबादत और इज्तिमाई नमाज खास दिन माना जाता है।
हदीस-शरीफ में है कि जुमे के दिन ही हजरत आदम (अलैहिस्सलाम) को जन्नत से दुनिया में भेजा गया। उन्हें वापस जन्नत भी जुमे के दिन मिली।


# जंग के बीच भारत को बड़ी राहत

## भारतीय जहाज शिवालिक 46 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। एलपीजी गैस लेकर आने वाला भारतीय जहाज शिवालिक सुरक्षित तरीके से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था।

मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी गैस लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। इस जहाज के सुरक्षित पहुंचने को ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री मार्ग पर जोखिम बढ़ गया था। यह एलपीजी टैंकर रविवार शाम करीब पांच बजे मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। जहाज लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है। यह गैस भारत के घरेलू आपूर्ति नेटवर्क में भेजी जाएगी। शिवालिक एक बहुत बड़ा गैस वाहक जहाज है, जिसे शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया संचालित करता है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। इसलिए इस मार्ग पर किसी भी तरह का तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। भारत भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समुद्री रास्ते पर काफी हद तक निर्भर है।



**जहाज नंदा देवी करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी और दूसरा जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर आ रहे**

### रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर, भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा रहा: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है। सरकार ने अपने ताजा बयान में बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। पेट्रोल पंपों पर कामकाज पूरी तरह से सामान्य है और देश के किसी भी हिस्से से ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरियाणा पुलिस ने पिछले साल प्रोफेसर महमूदाबाद को किया था गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चल रही आपराधिक कार्यवाही समाप्त कर दी।

इससे पहले हरियाणा सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि उसने प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी देने से इन्कार कर दिया है। हरियाणा पुलिस ने पिछले साल मई में प्रोफेसर महमूदाबाद को गिरफ्तार किया था। यह मामला प्रोफेसर महमूदबाद के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा था, जिसमें उन पर भारत में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले बर्ताव को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ टिप्पणियां करने का आरोप था। ये टिप्पणियां 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफिंग का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ के संदर्भ में की गई थीं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस मामले का निपटारा करते हुए कहा कि हमें इस बात पर शक करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता, जो एक अत्यंत विद्वान प्रोफेसर हैं, भविष्य में भी समझदारी और विवेकपूर्ण तरीके से ही काम करेंगे।

## बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव व डीजीपी को हटाया

**कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत छह अधिकारी बदले**
**आयोग बोला: ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है।

वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और आईजीपी (कानून-व्यवस्था) का पद दिया गया है।

## मुरादाबाद में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

**मुरादाबाद (ब्यूरो)।** सोमवार सुबह दिल्ली- लखनऊ राजमार्ग पर सुबह करीब छह बजे मनकरा मोड़ के पास रामपुर से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग फंस गए। थाना पुलिस कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों में एक की पहचान दयाल सिंह रावत पुत्र कुमार पाल, निवासी अपर माल रोड, बीमिला कंपाउंड, पालिवाल, नैनीताल के रूप में हुई है। घायल युवक की पहचान यशदीप पुत्र चंद्रवाला पांडे, निवासी हल्द्वानी के रूप में हुई है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा: क्या दूसरे धर्म के लोगों को भी घर में सामूहिक पूजा से रोका जा सकता है

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रमज़ान के दौरान नमाज़ पर कथित प्रतिबंध को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से कड़ा सवाल करते हुए पूछा कि यदि मुसलमानों को निजी संपत्ति पर नमाज़ पढ़ने से रोका जा सकता है, तो क्या हिंदुओं को भी अपने घरों में सामूहिक पूजा करने से रोका जा सकता है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ संभल जिले में रमज़ान के दौरान नमाज़ पढ़ने पर लगाए गए कथित प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस श्रीधरन ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि मुसलमानों को अपने घर की छत पर नमाज़ पढ़ने से कैसे रोका जा सकता है? कानून का राज सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार की मांग करता है और संविधान सर्वोपरि है। अदालत ने राज्य सरकार के एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल से पूछा कि क्या मंदिरों में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाए जाते हैं। अदालत ने कहा कि यदि हिंदू अपने घरों में पूजा कर रहे हों तो क्या उन्हें भी रोका जा सकता है? इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई कड़ी आपत्ति खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि राज्य केवल तभी हस्तक्षेप कर सकता है, जब धार्मिक गतिविधियां सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक स्थान पर फैलने लगें।

## राज्यसभा चुनाव: बिहार की सभी पांच सीटों पर NDA की जीत



**महागठबंधन की ओर से चार विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे**

**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे।

मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। एनडीए के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। जीतने वाले उम्मीदवारों में नीतीश कुमार-जदयू, रामनाथ ठाकुर-जदयू, नितिन नबीन-भाजपा, शिवेश कुमार-भाजपा, उपेंद्र कुशवाहा शामिल है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 202 विधायकों के बल पर अपने पांच उम्मीवार को चुनावी मैदान में उतारा था। इसमें से चार सीट पर तो जीत पहले से तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया। इस कारण पांचवी सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया।




# भारत में एक साल के दौरान 24 अरबपति बढ़े, अब 229 हुए

## लक्ष्मी मित्तल रोज 274 करोड़ कमाकर देश के चौथे सबसे अमीर बने

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में एक साल के अंदर 24 अरबपति बढ़े हैं। इनकी संख्या 205 से बढ़कर 229 हो गई है। देश के चौथे सबसे अमीर लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे तेज उछाल देखा गया। उनकी कंपनी आर्सेलर मित्तल के शेयरों में 80 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर, यानी 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।

पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में 20 अरब डॉलर, यानी 1.85 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इस हिसाब से मित्तल ने सालभर हर दिन औसतन 274 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की है। इस लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल हो गए हैं। भारत के दो सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी (नंबर 1) और गौतम अडानी (नंबर 2) की संपत्ति में भी संयुक्त रूप से 14.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। तीसरे नंबर पर ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल हैं। वे भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। लिस्ट में 20 भारतीय महिला अरबपति शामिल हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक इस साल टॉप-10 में शामिल हुए हैं। हाल ही में उन्हें पद्म भूषण मिला था। उनकी एंट्री से डीएलएफ के पीछे रहे प्रॉपर्टी डेवलपर कुशल पाल सिंह 12वें नंबर पर खिसक गए। एडटेक प्लेटफॉर्म फिजिक्सवाला के फाउंडर अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी नए अरबपतियों में शामिल हैं। नवंबर में कंपनी के आईपीओ के बाद वे इस क्लब में आए। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा तीन साल बाद फिर लिस्ट में लौटे हैं। पेटीएम के शेयर पिछले साल करीब 60 प्रतिशत चढ़े, हालांकि यह अभी भी आईपीओ की करीब आधी प्राइस पर ट्रेड कर रहे हैं। फोर्ब्स इंडिया ने अपनी पहली रिच लिस्ट 2009 में लॉन्च की थी।



**फोर्ब्स लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल**

# सीएम ने 63 सफाई निरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत चयनित 63 सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लगभग 62 करोड़ की अनुमानित लागत से बनने वाले शहरी विकास निदेशालय के नवीन भवन का वर्चुअल शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कूड़ा निस्तारण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार वर्षों में राज्य में लगभग 30 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है।

सीएम धामी ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित सभी सफाई निरीक्षकों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आज आपके जीवन में एक नई जिम्मेदारी की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के गठन के समय प्रदेश में केवल 63 स्थानीय नगर निकाय थे। आज प्रदेश में 11 नगर निगम, 46 नगर पालिका परिषद और 51 नगर पंचायत सहित कुल 108 स्थानीय नगर निकाय हैं। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि आज हमारे शहर विकास और आर्थिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र बन चुके हैं। राज्य सरकार प्रदेश के अपने इन शहरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस दिशा में हमारे स्थानीय निकायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि कूड़ा प्रबंधन से लेकर नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के सुचारू संचालन तक की बड़ी जिम्मेदारी इन्हीं संस्थाओं के कंधों पर होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निकाय हमारे शहरों के समग्र विकास के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। सफाई निरीक्षक इसकी नींव के पत्थर हैं। प्रदेश में नगर निकायों की प्रशासनिक और तकनीकी क्षमता को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। पिछले करीब 5 वर्षों में शहरी निकायों में 63 अधिशासी अधिकारियों, 22 कर एवं राजस्व निरीक्षकों तथा 32 अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। 63 सफाई निरीक्षकों की नियुक्ति हमारे नगर निकायों की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी नवनियुक्त निरीक्षक अपने कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। सीएम ने कहा कि उत्तराखण्ड आस्था, आध्यात्म और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। यहाँ स्थित चारधाम और गंगा-यमुना के पावन तीर्थ हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। इस अवसर पर विधायक खजान दास, बंशीधर भगत, उमेश शर्मा काऊ, श्रीमती सविता कपूर, सचिव शहरी विकास नितेश झा, निदेशक शहरी विकास विनोद गिरी गोस्वामी, नगर आयुक्त देहरादून नमामि बंसल मौजूद रहे।



■ शहरी विकास निदेशालय के नवीन भवन का किया वर्चुअल शिलान्यास ■ मुख्यमंत्री ने कूड़ा निस्तारण वाहनों को दिखाई हरी झंडी ■ चार वर्षों में लगभग 30 हजार युवाओं को प्रदान की गई सरकारी नौकरी: मुख्यमंत्री

# क्यूआरटी टीम ने जब्त किए पांच घरेलू सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ गैस आपूर्ति/वितरण बैकलॉक की स्वयं मॉनिटिरिंग कर रहे डीएम

**देहरादून।** एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने तथा होम डिलिविरी सुनिश्चित करवाने के जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में क्षेत्रवार क्यूआरटी टीम गठित की गई है।

क्यूआरटी टीम सोमवार को क्षेत्रवार गैस एजेंसियों के निरीक्षण करते हुए एलपीजी गैस की मांग, आपूर्ति आदि सभी गतिविधियों देखी। डीएम स्वयं जिलें में गैस आपूर्ति/वितरण बैकलॉक की स्वयं मॉनिटिरिंग कर रहे है। जिला प्रशासन की क्यूआरटी द्वारा जनपद देहरादून के अंतर्गत 69 गैस एजेंसियों के तथा 25 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया है, क्यूआरटी ने विकासनगर क्षेत्र में 5 घरेलू सिलेण्डर को जब्त किए है। गैस वितरण के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित क्यूआरटी टीम एवं एजेंस. ीवार नामित नोडल अधिकारियों को अतिरिक्त पुलिस फोर्स की आवश्यकता के लिए एसपी सिटी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। डीएम के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व के के मिश्रा कन्ट्रोलरूम से जिले में गैस वितरण, आपूर्ति की मॉनिटिरिंग जनमानस की समस्या के निस्तारण के लिए निगरानी बनाए हुए है। जिला प्रशासन को 05 बजे तक कुल 64 शिकायतें एलपीजी गैस की आपूर्ति के सम्बन्ध में दर्ज हुई है, वही कंट्रोल रूम में मौजूद जिला खाद्य पूर्ति विभाग, देहरादून में एलपीजी गैस की आपूर्ति, सिलेंडर उपलब्धता या अन्य किसी प्रकार की समस्या को लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# विवेकाधीन कोष आवंटन मे कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड जगजाहिर: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष को लेकर कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड जगजाहिर है और उसे दो कार्यकाल मे जनता ने इसी वजह से सबक सिखाया था। कांग्रेस को पुराने कार्यकाल को याद करने की जरूरत है।




■ तेल की कमी और अव्यवस्था पर भ्रम फैला रही कांग्रेस

चौहान ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि पहली निर्वाचित कांग्रेस सरकार मे राज्य से बाहर दूसरे प्रदेश मे भी राहत कोष बंटा और जमकर सरकारी धन की बंदरबांट हुई। यही कारण रहा कि आखिकार जनता ने कांग्रेस को विदा कर दिया। उन्होंने कहा कि 2012 मे कांग्रेस सरकार आई तो सिलसिला नही रुका। सीएम के अलावा तत्कालीन विस अध्यक्ष ने अपनी विस क्षेत्र मे करोड़ो रुपये अपने चहेतों को बांट दिये। लेकिन तब जनता ने ऐसा सबक कांग्रेस को सिखाया कि वह अस्तित्व की तलाश मे जूझ रही है। अब भाजपा को विवेकाधीन कोष के मामले मे कांग्रेस मिथ्या आरोपों के जरिये घेरने की कोशिश कर रही है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर आम जनता के बीच भय का वातावरण उत्पन्न करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी गैस को लेकर किसी प्रकार का संकट नहीं है। केंद्र सरकार ने पिछले वर्षों में गैस आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को मजबूत किया है। आम जन को गैस मुहैया कराने के अलावा प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को रसोई गैस का लाभ मिला है और आज देश के दूरस्थ गांवों तक गैस की सुविधा पहुंची है। उन्होंने कहा कि वितरण प्रणाली को व्यवस्थित रखने के लिए कुछ तकनीकी व्यवस्थाएं बनाई जाती हैं, लेकिन इसे संकट बताकर कांग्रेस केवल जनता में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। प्रदेश मे एजेंसियों से गैस देने के बजाय होम डिलीवरी की व्यवस्था की गयी है, जिससे इन केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ न हो।

# मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष में भारी अनियमितताएं: डॉ.हरक

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने देश में बढ़ते एलपीजी गैस और तेल संकट को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है, साथ ही मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष में भारी अनियमितताए होने का आरोप भी लगाया है।

सोमवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. रावत ने कहा कि आज पूरे देश में एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर संकट जैसे हालात पैदा हो गए हैं, मगर सरकार इसे स्वीकार करने के बजाय जनता को गुमराह कर रही है। एक तरफ सरकार गैस की कमी से इनकार कर रही है, वहीं दूसरी ओर गैस बुकिंग के बीच शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की जनता को बांटते हुए 25 और 45 दिन का अंतर तय कर दिया गया है, जो इस संकट की गंभीरता को खुद उजागर करता है।



■ गैस संकट पर केंद्र सरकार की अदूरदर्शी नीतियां जिम्मेदार ■ नगरीय क्षेत्र को ग्रामीण श्रेणी में डालकर 45 दिन बाद बुकिंग की बाध्यता थोप दी

उन्होंने कहा कि देहरादून सहित कई शहरों में ऐसी गैस एजेंसियां हैं जो नगर निगम क्षेत्र में स्थित हैं लेकिन पहले जब उनका आवंटन हुआ तब वह क्षेत्र ग्रामसभा के अतगर्त आता था इसलिए वहां ग्रामीण कोटे की एजेंसी स्थापित की गई थी। आज वह क्षेत्र पूर्णत: नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के वार्डो में सम्मलित हो चुके है। और उनके उपभोक्ता भी पूरी तरह शहरी क्षेत्रों में रहते हैं, लेकिन उन्हें आज भी ग्रामीण श्रेणी में डालकर 45 दिन बाद बुकिंग की बाध्यता थोप दी गई है। यह सरकार की दोहरी और अव्यवहारिक नीति हैए जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

डॉ, रावत ने मांग की कि शहरी क्षेत्रों में स्थित ग्रामीण श्रेणी की गैस एजेंसियों को तुरंत शहरी श्रेणी के बराबर सुविधा देते हुए 25 दिन की बुकिंग व्यवस्था लागू की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।

डॉ. रावत ने मुख्यमंत्री विवे. काधीन कोष के दुरुपयोग का गंभीर मुद्दा भी उठाया। उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि उधम सिंह नगर व चंपावत जिलों के आंकड़े ही यह दिखाने के लिए पर्याप्त हैं कि इस कोष की किस प्रकार बंदरबांट की जा रही है। सूचना के अधिकार में उधम सिह नगर व चम्पावत से सूचनाएं मागी गई कि किन-किन लाभार्थियों को मुख्यमंत्री विवेकाधिन कोष का लाभ मिला है। उधमसिह नगर व चम्पावत मुख्यमंत्री से सम्बंधित जनपद है, क्योकि खटीमा से वह पहले विधायक रहे है और चम्पावत से वर्तमान में विधायक है, और दोनो ही जनपदों में भाजपा से जुडे हुए पदाधिकारियों एवं उनके परिजनों को प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री विवेकाधीनकोष से लाभ दिया जा रहा है जो जनता के धन का दुरुप्रयोग है, जिनमें प्रमुख लाभार्थियों में सुबोध मजुमदार, भारत सिह, गोदावरी, कान्ता रानी, भरत बांगा, कामील खान, गजेन्द्र सिह बिष्ट, पूरन सिंह, संतोष कुमार अग्रवाल व मुकेश शर्मा, शान्ता बडोला, राजेन्द्र प्रसाद आदि को 5 लाख रुपए व हयात सिंह मेहरा जो भाजपा कॉपरेटिव से सम्बंधित है, को 4 लाख रुपए की सहायता दी गई है। और ऐसे ही तारा देवी, जसवीर चौधरी, निकिता खडायत, कुसुम देवी, हेम लता जैसे लाभार्थियों को भी 4 लाख, 3 लाख, 2 लाख जैसी बडी रकम दी गई।

चम्पावत में बिना नाम के व्यक्ति को 2023-24 में 3 लाख् रुपए व एक जगह चम्पावत में ही अध्यक्ष नाम से 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। यह तो मात्र चंद उदाहरण रखे गए है, पूरी सूची चौकाने वाली है। पत्रकारवार्ता में मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष लाल. चंद शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिह बिष्ट, वरिष्ठ नेता विनोद चौहान, एवं श्रम प्रकोष्ठ के दिनेश कौशल मौजूद रहे।

# जोशी ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत विजय कॉलोनी वार्ड के पथरियापीर क्षेत्र में अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस नई स्वास्थ्य सुविधा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को अब अपने ही क्षेत्र में बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से स्थानीय लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी। उन्होंने कहा कि यहां मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ-साथ आवश्यक जांचें, दवाइयां और टेस्ट नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है और अब ऐसे आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। जोशी ने कहा कि राज्य सरकार भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि हर व्यक्ति को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्रों में इस प्रकार की विभिन्न सुविधाऐं उपलब्ध करवायी जा रही हैं और आमजन को इसका लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, पार्षद अनूप कुमार, जिला पंचायत सदस्य गो. विंद सिंह पुंडीर, पूर्व पार्षद निखिल कुमार, सत्येन्द्र नाथ, प्रधान रामकिशोर, भावना चौधरी, राकेश सहित कई क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



■ कहा, मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ-साथ आवश्यक जांचें, दवाइयां और टेस्ट मिलेंगे नि:शुल्क

## रोबोटिक सर्जरी के भविष्य पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

**देहरादून।** उन्नत सर्जिकल तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ओखला हॉस्पिटल एवं एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने सर्जिकल सोसायटी देहरादून के सहयोग से आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी की बढ़ती भूमिका पर केंद्रित एक कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया गया, जिसमें शहर के सर्जनों, चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य पेशेवरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने चर्चा की कि किस प्रकार रोबोटिक सर्जरी यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और कार्डियो थोरेसिक सर्जरी सहित कई चिकित्सा क्षेत्रों में सर्जिकल प्रक्रियाओं को अधिक सटीक, सुरक्षित और प्रभावी बना रही है। डॉ. पंकज पंवार, एडिशनल डायरेक्टर यूरोलॉजी ने कहा, रोबोटिक सर्जरी यूरोलॉजी के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी तकनीक के रूप में उभर रही है।

## जनरल बिपिन रावत का समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, पद्म विभूषण से अलंकृत तथा उत्तराखंड के गौरव, जनरल बिपिन रावत की जयंती पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ भारती की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले जनरल बिपिन रावत अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा के प्रति जनरल बिपिन रावत का समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनका नेतृत्व, दूरदर्शिता और देश के प्रति अटूट निष्ठा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।



## पीएम के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली: उनियाल

**ऋषिकेश।** गंगा रिसोर्ट मुनि की रेती में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत की प्राचीन आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा योग को वैश्विक पहचान मिली है।

उनके दूरदर्शी नेतृत्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में स्वीकृति मिलना भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की हिमालयी पवित्र वादियां प्राचीन काल से ऋषि-मुनियों की तपस्थली रही हैं और आज ऋषिकेश विश्व की योग राजधानी के रूप में प्रतिष्ठित होकर देश-विदेश से आने वाले हजारों लोगों को योग और आध्यात्म की ओर आकर्षित कर रहा है। उनियाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा देश की पहली योग नीति 2025 लागू की गई है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में योग एवं ध्यान केंद्रों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## एक नजर .......

### 21 मार्च को होगा टीओआईएसए 2025 का आयोजन

**देहरादून।** टीओआईएसए अवार्ड्स अपने आठवें संस्करण टीओआईएसए 2025 के साथ वापसी कर रहा है। यह समारोह 21 मार्च 2026 को लखनऊ के द सेंट्रम होटल में आयोजित किया जाएगा। 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शनों को मान्यता देते हुए, यह समारोह 45 से अधिक खेल श्रेणियों में भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धियों को सम्मानित करेगा। एक ऐसा वर्ष जिसने हाल के भारतीय खेल इतिहास की कुछ सबसे यादगार जीत और रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियाँ दर्ज कीं। टीओआईएसए 2025 की जूरी में लिएंडर पेस (टेनिस), मित. ाली राज (क्रिकेट), अभिनव बिंद्रा (निशानेबाजी), देवेंद्र झाझरिया (पैरा एथलेटिक्स), शरत कमल (टेबल टेनिस) और पी.आर. श्रीजेश (हॉकी) शामिल हैं।

### डिजिटल युग में आईपीआर पर पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला शुरू

**देहरादून।** रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय देहरादून और उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डिजिटल युग में बौद्धिक संपदा अधिकार-चुनौतियाँ और अवसर विषय पर आयोजित पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का सोमवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन ने कहा कि आज का दौर डिजिटल सूचना और रचनात्मक कार्यों का युग है, जिसमें शोध, रचनात्मकता और वैज्ञानिक उपलब्धियों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के पेटेंट सूचना केंद्र में वैज्ञानिक हिमांशु गोयल ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के दौर में ज्ञान का आदान-प्रदान पहले से अधिक तेज और व्यापक हुआ है, लेकिन इसके साथ कॉपीराइट संरक्षण, बौद्धिक उपलब्धियों की सुरक्षा और तकनीकी प्रवर्तन भी उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. देश दीपक, रिसर्च कॉर्डिनेटर डॉ. प्रतिभा जुयाल, डॉ. पुष्पा ध्यानी, सूरज सिंह व डॉ. पात्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बुक बैंक के नौवें स्थापना दिवस पर सौ बच्चों को मिलेगा बस्ता: आरिफ खान

**देहरादून।** नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स स्टूडेंट्स राइट्स (एनएपीएसआर) बुक बैंक के नौवें स्थापना दिवस पर लगभग सौ बच्चों को स्टेशनरी व बैग वितरित किये जाएंगे। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया कि एनएपीएसआर की और से हर साल मार्च में अपने स्थापना दिवस के अवसर पर लगभग सौ बच्चों को स्टेशनरी वितरण की जाती है जिसके लिए एक बैठक एनएपीएसआर के रायपुर स्थित कार्यालय मे आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी कृष्ण कुमार अरोड़ा ने व संचालन संस्था के अध्यक्ष आरिफ खान की। 31 मार्च महावीर जयंती के अवसर पर बच्चों को स्टेशनरी दी जाएगी। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिये करियर काउंसलर की और से उनकी काउंस. लिंग की जायेगी।




बच्चों को अवसाद व नशे की लत से बचाने को मनोवैज्ञानिक जानेमाने मनोचिकित्सक पवन शर्मा काउंसलिंग करेंगे। बैठक मे शिक्षिका व समाज सेविका विभा नौडियाल, समाज सेविका अनुराधा भान, कविता खान, अफसाना सुल्तान, गार्गी नौडियाल, अमर सिंह, मनेंद्र साही, रामचन्द्र यादव व आलियाह खान आदि मौजूद रहे।

# 23 मई को खुलेंगे श्री हेमकुंड साहिब के कपाट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्धन से आगामी तीर्थयात्रा सीजन की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद तथा वर्तमान मौसम स्थितियों का आकलन करने के पश्चात, दोनों ने पवित्र गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब के कपाट शनिवार, 23 मई 2026 को खोलने पर आपसी सहमति व्यक्त की।

ट्रस्ट राज्य सरकार के समन्वय से इस यात्रा का संचालन करता है तथा तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रतूड़ा, जोशीमठ, गोविंदघाट और घांघरिया में अपनी धर्मशालाओं में मुफ्त ठहरने और भोजन की व्यवस्था करता है। हेमकुंट साहिब पर भी लंगर परोसा जाता है, लेकिन उच्च ऊंचाई और सीमित सुविधाओं के कारण तीर्थयात्रियों को रात्रि विश्राम की अनुमति नहीं है।

यह निर्णय पिछले वर्षों की तुलना में कम बर्फबारी होने के कारण संभव हुआ है, जिससे जलवायु परिस्थितियां यात्रा के शीघ्र आरंभ के लिए अनुकूल सिद्ध हो रही हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण इस वर्ष कम बर्फ पड़ी है, लेकिन मौसम अप्रत्याशित रहता है। पिछले वर्षों के रुझान को ध्यान में रखते हुए, यात्रा को इस वर्ष थोड़ा पहले आरंभ करने का निर्णय ट्रस्ट द्वारा लिया गया है। इस वर्ष चारधाम के पवित्र मंदिरों के कपाट अप्रैल माह में खोले जाने का कार्यक्रम निर्धारित है।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा कहा कि उत्तराखंड सरकार चारधाम तथा हेमकुंट साहिब आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु हर संभव प्रयास करेगी।

गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब विश्व भर के श्रद्धालुओं, विशेषकर सिख धर्म में अत्यंत गहन आध्यात्मिक महत्व रखता है, क्योंकि यह वह पवित्र स्थल है जहां दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी ने ध्यान किया था।

हिमालय की मनोरम श्रृंखलाओं के बीच 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित यह गुरुद्वारा शांति, चिंतन एवं ईश्वरीय अनुभूति की तलाश में आने वाले श्रद्धालुओं को एक दिव्य एवं शांत वातावरण प्रदान करता है। प्रत्येक वर्ष विश्व भर से हजारों श्रद्धालु इस यात्रा के लिए उत्सुक रहते हैं, जो विश्व स्तर पर श्रद्धा, एकता एवं आध्यात्मिक नवीनीकरण का प्रतीक बन चुकी है।



■ ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव आनंद बर्धन से की तैयारियों पर चर्चा

**ट्रस्ट की अपील**

ट्रस्ट सभी तीर्थयात्रियों से अनुरोध करता है कि उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें तथा यात्रा की पूर्ण तैयारी करें। यात्रा व्यवस्थाओं, पंजीकरण, सड़क स्थिति तथा अन्य दिशा-निर्देशों से संबंधित आगे की जानकारी समय-समय पर आधिकारिक माध्यमों से साझा की जाएगी।

## पौराणिक कथाओं और महाकाव्यों पर हुई चर्चा

**देहरादून।** ज्योतिषी और लेखिका शालिनी मोदी ने प्रसिद्ध पौराणिक विशेषज्ञ देवदत्त पट्टनायक के साथ मिलकर फॉर द लव ऑफ गॉड्स व्हाट द गॉड्स लव, वॉर और पीस' विषय पर चर्चा की। पैनल ने एक सम्मोहक प्रश्न पर विचार किया। महाभारत और रामायण के हिंसक चरमोत्कर्ष हमारे सांस्कृतिक मानस पर उनकी शांतिपूर्ण कथाओं की तुलना में अधिक हावी क्यों हैं? इस चर्चा ने युगों के बीच के अंतर को पाटते हुए यह सवाल उठाया कि क्या आधुनिक महत्वाकांक्षा और उपभोक्तावाद वास्तव में श्छद्म लालचश् है, और क्या नारीवाद एक नई अवधारणा है या हमारे शास्त्रों जितनी ही पुरानी है?

शालिनी मोदी ने देवदत्त से सती और अप्सरा के बीच के अंतर को स्पष्ट करने और यह भी पूछा कि क्या इनमें से कोई एक दूसरे से श्रेष्ठ है।

# कुंभ 2027 के आयोजन में न रहे कोई कमी: सीएम



■ कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा ■ कहा, स्वीकृतियां फौरन होंगी जारी ■ कुंभ मेले के दिव्य-भव्य आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध पूरी करने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हरिद्वार का भ्रमण कर कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की। डामकोठी में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले वर्ष आयोजित होने वाले कुंभ मेले के दिव्य एवं भव्य आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ जैसे विराट आयोजन में किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी संबंधित विभाग पूरी क्षमता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध तरीके से तैयारियों को पूरा करें।

उन्होंने कहा कि मेला आयोजन से जुड़े सभी हितधारकों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा साधु-संतों के सहयोग से कुंभ मेले का भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कुंभ से संबंधित कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी तथा प्रस्तावित कार्यों के लिए आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र जारी की जाएंगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान ही दूरभाष पर मुख्य सचिव से वार्ता कर शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सड़क, पुल, पेयजल, स्वास्थ्य, यातायात और पार्किंग व्यवस्था से जुड़े स्थायी प्रकृति के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा, वर्षाकाल तथा कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख कार्यों के क्रियान्वयन की रणनीति बनाई जाए और विभाग निरंतर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कुंभ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं से सुसज्जित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक स्वीकृति शीघ्र जारी की जाएगी।

उन्होंने मेला नियंत्रण भवन के पास प्रस्तावित सीसीआर-2 भवन परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि कुंभ मेले के सुचारु प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण इस परियोजना को भी शीघ्र वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए खड़खड़ी पुल तथा श्रीयंत्र पुल से संबंधित योजनाओं को भी प्राथमिकता देते हुए उनके लिए आवश्यक स्वीकृतियां जल्द जारी करने के निर्देश दिए।

### मेलाधिकारी सोनिका ने दी कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की जानकारी

बैठक में मेलाधिकारी सोनिका ने कुंभ मेला 2027 की तैयारियों से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सड़कों, पुलों, घाटों के निर्माण के साथ-साथ जलापूर्ति, चिकित्सा, सुरक्षा तथा मेला प्रबंधन से संबंधित स्थायी प्रकृति की 33 योजनाएं वर्तमान में निर्माणाधीन हैं। सभी परियोजनाओं पर निर्धारित समयसीमा के अनुसार कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि कुंभ मेले के अंतर्गत मनसा देवी मंदिर तथा चंडी देवी मंदिर के मार्गों के सुधार की योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त मेले के लिए प्रस्तावित अन्य कार्यों और अस्थायी व्यवस्थाओं की भी जानकारी बैठक में दी गई।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

बैठक में हरिद्वार की जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मेयर नगर निगम श्रीमती किरण जैसल, रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, विधायक हरिद्वार मदन कौशिक, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल, शोभाराम प्रजापति, सुनील सैनी, ओम प्रकाश जमदग्नि, जयपाल सिंह चौहान, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार, उप मेलाधिकारी आकाश जोशी, मंजीत सिंह गिल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड में अप्रैल माह से शुरू होगा एसआईआर

■ उत्तराखंड में एसआईआर की तैयारियां तेज, प्रदेश में 87 फीसदी मैपिंग पूरी
■ सीईओ राजस्थान ने बताए एसआईआर के सफल संपादन के टिप्स
■ शत प्रतिशत मैपिंग से आसान होगी एसआईआर की राह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की पहल पर निर्वाचन विभाग राजस्थान ने उत्तराखंड पहुंचकर अपने अनुभव साझा किए। सोमवार को देहरादून में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान श्री नवीन महाजन ने हाल में ही राजस्थान में समपन्न एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड के सभी अधिकारियों सहित सभी जनपदों के डिप्टी डीईओ /अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक ने दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। जिन बूथों पर मैपिंग की गति धीमीं है सम्बंधित अधिकारियों को टाइमलाइन देते हुए ससमय मैपिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एमएम तिवारी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एनके मीणा, देहरादून जनपद के सीडीओ अभिनव शाह, सहित सभी जनपदों जनपदों के डिप्टी डीईओ /अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स एसएलएमटी, एनएलएमटी ने भी प्रतिभाग किया।

# पूर्व कर्मचारी नेता व सैन्य अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी हुए भाजपा में शामिल



■ प्रदेश मुख्यालय में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में किया गया सभी का स्वागत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून । भाजपा सदस्यता अभियान के क्रम में बड़ी संख्या में सेवानिवृत सैन्य अधिकारियों एवं सरकारी कर्मचारियों समेत विभिन्न दलों के लोगों ने पार्टी सदस्यता ग्रहण की है।

प्रदेश मुख्यालय में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार और विधायक फकीर राम टम्टा ने गंगोलीहाट विधानसभा, पिथौरागढ़ सभी लोगों को फूलमाला एवं पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी की औपचारिक सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर श्री परिहार ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की रीति नीति और वैचारिक प्रतिबद्धता की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कहा कि पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। यही वजह है कि प्रत्येक व्यक्ति उत्तराखंड को विकसित बनाने के मिशन में अपना सहयोग करना चाहता है।

इसके निमित ही, आप सब यहां आए और आगे हम सबको मिलकर संगठन और सरकार के कामों का लाभ जन जन तक पहुंच. ाने के लिए काम करना है। इस मौके पर सेवानिवृत्ति अनुसचिव एवं प्रांतीय अध्यक्ष उत्तराखंड एससी एसटी एम्पलाइज फेडरेशन श्री करम राम के नेतृत्व में श्री शंकर राम लोहिया सेवानिवृत अधिशासी अभियंता, अरविंद कुमार पूर्व सैन्य अधिकारी, भीमराव टम्टा सेवा. निवृत अपर सचिव, मदन राम पूर्व संयुक्त सचिव, सूबेदार महिपाल सिंह, संतोष कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रवीण राम कोहली पूर्व कर्मचारी, संतोष कुमार कोहली सेवानिवृत अध्यापक, सुरेश राम टम्टा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री दशरथ कुमार, सेवानिवृत्ति इंस्पेक्टर आइटीबीपी, रमेश राम पूर्व सैनिक, दिनेश राम पूर्व सैन्य अधिकारी, मान सिंह रावत पूर्व सैनिक शामिल रहे।

इसी तरह कांग्रेस पार्टी से आने वालों में भैरव राम कोहली, नवीन कोली, शंकर राम, भुवन कुमार, श्री हरीश प्रसाद कोहली, श्रीमती यशोदा लोहिया, राम, भुवन प्रसाद, श्रीमती दीपा लापड, अरमान को. हली, दीपक कोहली ने भी पार्टी के सिद्धांतों में विश्वास जताया। इस दौरान पिथौरागढ़ के जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी पूर्व विधायक मीना गंगोला, प्रदेश मंत्री श्रीमती दीपिका वोहरा, दिनेश आर्य, चंद्रशेखर जोशी, बसंत लोहानी, राजेंद्र प्रसाद, सौरभ कुमार भी उपस्थित रहे।

### वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत 402 करोड़ के विकास प्रस्तावों को मंजूरी

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में वाइब्रेंट विलेज प्रोजेक्ट की एसएलएससी (स्टेट लेवल स्क्रीनिंग कमेटी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत चयनित सीमांत गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगभग 402 करोड़ के नए प्रस्तावों का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

इन प्रस्तावों के तहत गांवों में पर्यटन हाउसिंग, ग्राम अवसंरचना, सड़क संपर्क, सामाजिक विकास, अस्पताल, खेल मैदान, स्मार्ट कक्षाएं, स्मॉल जिम सेंटर, सोलर स्ट्रीट लाइट तथा कृषि उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

बैठक में सचिव सी. रविशंकर, अपर सचिव अनुराधा पाल, आलोक कुमार पांडेय, नवनीत पांडेय, वन विभाग से रंजन मिश्र सहित आईटीबीपी, पुलिस तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता : सीएस



■ प्रदेश में एलपीजी गैस आपूर्ति की समीक्षा, पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश में एलपीजी गैस की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों के साथ सभी जनपदों के जिलाधिकारियों ने भी वर्चुअल प्रतिभाग किया। पूर्ति विभाग ने बताया गया कि राज्य में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुरूप समय पर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों से गैस आपूर्ति की स्थिति पर फीडबैक प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।

**'कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, निगरानी और छापेमारी तेज करने पर जोर'**

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एलपीजी गैस एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गैस की अवैध बिक्री और जमाखोरी रोकने के लिए नियमित छापेमारी, स्टॉक की जांच तथा निगरानी अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न जनपदों में की गई छापेमारी, दर्ज एफआईआर तथा की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को गैस कंपनियों और वितरकों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा उन पर सतत निगरानी रखने के भी निर्देश दिए, ताकि गैस आपूर्ति सुचारु बनी रहे और कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, एल. एल. फैनई, सचिव शैलेश बगौली, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरुगेशन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा में अव्यवस्थाओं व तीर्थ स्थलों में पशुओं के साथ क्रूरता पर हाईकोर्ट गंभीर



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चारधाम यात्रा में फैली अव्यवस्थाओ और तीर्थ स्थलों में पशुओं के साथ हो रही कूरुरता के मामले पर पशु प्रेमी गौरी मौलेखी व धर्मगुरु अजय गौतम सहित कई अन्य की ओर से दायर जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई।

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट की खंडपीठ ने तीर्थ स्थलों में जानवरों पर हो अत्याचार को कम करने के लिए गढ़वाल कमिश्नर की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग, तीर्थ स्थलों के जिलाधिकारी तथा संबन्धित जिलों के जिलापंचायत के प्रतिनिधियों की कमेटी गठित करने के निर्देश दिए है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 2 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। सोमवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार समाजसेवी पशुप्रेमी गौरी मौलेखी व धर्म गुरु अजय गौतम व पर्यावरण प्रेमी अन्य नारायण शर्मा ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल कर कहा है कि उत्तराखंड के चारधाम सहित अन्य तीर्थ स्थलों में फैली अवस्थाओं व जानवरों पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा जो एसओपी बनायी गई है। उसका अनुपालन सही तरीके से नही हो पा रहा है। उसे धरातल पर उतारने के लिए एक निगरानी कमेटी बनाने के साथ ही जानवरों और इंसानों की सुरक्षा के साथ उनको चिकित्सा सुविधा दी जाए। इसके साथ याचिका में कहा है कि चारधाम यात्रा में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है जिससे जानवरों और इंसानों को खाने रहने की समस्या आ रही है। साथ मे पर्यावरण को भी नुकशान हो रहा है। उनके द्वारा कोर्ट से मांग की गई है कि यात्रा में कैरिंग कैपेसिटी के हिसाब से ही श्रद्धालुओं व घोड़ो व खच्चरों को भेजा जाय ताकि जानव. रों पर हो रहे अत्याचार को खत्म किया जा सके। आने जाने वाले श्रद्धालुओं को तय समय पर सुविद्याए मिल सके साथ मे पर्यावरण को कोई हानि न हो। इस पर राज्य सरकार व उच्च न्यायलय की तरफ से समय समय पर दिए गए आदेश व निर्देशो का अनुपालन किया जाए। ताकि आने वाले समय पर चार धाम यात्रा तभी सरल व सुगम हो सकती है जब राज्य सरकार अपनी जारी एसओपी को कठोरता से लागू करें।

# मुख्यमंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारम्भ




■ कहा, आज विश्व के 180 से अधिक देशों में मनाया जा रहा योग दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जनपद टिहरी के गंगा रिजॉर्ट मुनिकीरेती में आयोजित अन्तराष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही समग्र जीवन पद्धति है। योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का काम करता है। उन्होंने देश प्रदेश के युवाओं से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवा आमतौर पर थकावट महसूस करते है इसमें योग उनका सबसे अच्छा सहयोगी बन सकता है, राज्य सरकार ने योग नीति 2025 बनायी है। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में 50 और 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालय की स्थापना की जा रही है। योग और आध्यात्म को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ का प्राविधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वाल मंडल विकास निगम और उत्तराखंड पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा ये अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव पिछले 35 वर्षों से योग की परंपरा को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस बार आयोजित इस 7 दिवसीय भव्य योग महोत्सव में योग, प्राणायाम, ध्यान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और आध्यात्मिक प्रवचनों के विविध सत्रों के साथ-साथ रन फॉर योगा, हेरिटेज वॉक तथा अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन जैसे कई विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। इससे प्रतिभागियों को योग के विविध आयामों से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ और संतु. लित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।

### योग भारत की अध्यात्मिक परंपरा की अमूल्य धरोहर

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और महान आध्यात्मिक परंपरा की अमूल्य धरोहर है। हजारों वर्ष पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का जो मार्ग दिखाया था, आज वो पूरी दुनिया के लिए स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का सशक्त आधार बन चुका है।

### आज दुनिया में करोड़ों लोग कर रहे योग का अभ्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग के महत्त्व को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ में रखा था। उसी का परिणाम है कि आज दुनिया के 180 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि योगभूमि भी है।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि योग हमारी प्रचीन पद्धति में शुमार है। हमारे ऋषि मुनियों ने योग और तप बल से कई सिद्धियां हासिल की है। प्रबंध निदेशक गढ़वाल मण्डल विकास निगम प्रतीक जैन ने बताया कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में 2500 से अधिक रजिट्रेशन हो चुके है। इस योग महोत्सव को 150 योग संस्थाओं के सहयोग से सफल बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में गुरु कुल कांगड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये के योग साधको द्वारा योग की विभिन्न क्रियाओं का भी प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मुनिकीरेती नीलम बिजल्वाण, अध्यक्ष नगर निगम ऋषिकेश शम्भू पासवान, अध्यक्ष नगर पंचायत तपोवन विनीता बिष्ट जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल, एसएसपी आयुष अग्रवाल स्वामी चिदानन्द मुनि महंत रविन्द्र पुरी, भारत भूषण, योगाचार्य ऊषा माता सहित हजारों की संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

पंजाब नैशनल बैंक .......भरोसे का प्रतीक
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!
एसएएमबी, दिल्ली, चतुर्थ तल, 7वां भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली- 110066, ईमेल : zs8343@pnb.bank.in
अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों के विक्रयार्थ ई-नीलामी विक्रय सूचना। एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप में ऋणकर्ता(ओं) एवं गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधककृत / प्रभारित निम्न विवरणित अचल संपत्ति, जिसका रचनागत / भौतिक / साँकेतिक अधिग्रहण बैंक के प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा कर लिया गया है, का विक्रय संबंधित ऋणकर्ता(ओं) एवं गारंटर(रों) की ओर से बैंक / प्रतिभूत ऋणदाता को देय-भुग्तेय इनकी बकाया देयराशियों की वसूली के लिए, यहां इसमें निम्न तालिका में अंकितानुसार तिथि पर "जैसी हैं जहां हैं", "जैसी हैं जो हैं" तथा "वहां जो कुछ भी हैं" आधार पर किया जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि जमा, संबंधित संपत्तियों के समक्ष निम्न तालिका में अंकितानुसार होंगे।

प्रतिभूत परिसंपत्तियों की अनुसूची

| लॉट नं. | शाखा का नाम / खाता का नाम / ऋणकर्ता / गारंटरों का नाम एवं पता, खाता | बंधककृत अचल संपत्तियों का विवरण / स्वामी का नाम (संपत्ति(यों) के बंधककर्तागण) | क) सरफॉएसि अधि. 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि ख) .... के अनुसार बकाया राशि ग) सरफॉएसि अधि. 2002 की धारा 13(4) के तहत अधिग्रहण तिथि घ) अधिग्रहण की प्रकृति (साँकेतिक / भौतिक / रचनागत) | क) आरक्षित मूल्य ख) धराज ग) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि / समय | प्रतिभूत ऋणदाताओं को ज्ञात ऋणभारों के विवरण | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं संपर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | एसएएम शाखा दिल्ली | | | | | | |
| 1. | मैसर्स श्री बद्री केदार पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड<br>श्री अरविंद कुमार, पता : 03, बद्री नाथ मार्ग, पौड़ी गढ़वाल, कोटद्वार, उत्तराखंड 246149<br>श्री अशोक कुमार अग्रवाल, पता : 03, बद्री नाथ मार्ग, पौड़ी गढ़वाल, कोटद्वार, उत्तराखंड 246149<br>श्री सुमित अग्रवाल, पता : 03, बद्री नाथ मार्ग, पौड़ी गढ़वाल, कोटद्वार, उत्तराखंड 246149<br>श्री दिनेश कुमार गोयल, पता : 03, बद्री नाथ मार्ग, पौड़ी गढ़वाल, कोटद्वार, उत्तराखंड 246149<br>श्री अचला अग्रवाल, पता : 03, बद्री नाथ मार्ग, पौड़ी गढ़वाल, कोटद्वार, उत्तराखंड 246149<br>श्री उमा अग्रवाल, पता : 03, बद्री नाथ मार्ग, पौड़ी गढ़वाल, कोटद्वार, उत्तराखंड 246149 | व्यावसायिक; सह आवासीय भवन, क्षेत्र माप 371.60 वर्ग मीटर, प्लॉट नं. 176, झंडा चौक, कोटद्वार, जिला पौडी गढ़वाल उत्तराखंड में स्थित, श्री अरविन्द कुमार, श्री अशोक कुमार एवं श्री अवधेश कुमार के नाम पर। | (क) 20.02.2023<br>(ख) रु. 40,71,06,132.64 दिनांक 01.02.2023 के अनुसार<br>(ग) 28.06.2023<br>(घ) साँकेतिक | (क) रु. 6.38 करोड़<br>(ख) रु. 63.80 लाख (01.04.2026)<br>(ग) रु. 5.00 लाख | 01.04.2026 को मध्या. 11:00 से अप. 04:00 बजे तक | ज्ञात | श्री कमल अग्रवाल मुख्य प्रबंधक, एसएएमबी दिल्ली मोबाइल: 8100017032 |

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखीं। कुल 70 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 38 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, बिजली, राशन, अतिक्रमण, पेयजल, सड़क और सिंचाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्ध और संवेदनशीलता के



साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। ग्राम पंचायत भारापुर की प्रधान कविता रानी ने फीडर भारापुर बिजलीघर के लाइनमैन के व्यवहार को लेकर शिकायत करते हुए उसे हटाकर अन्य कर्मी की तैनाती की मांग की। वहीं रणसुरा (रुड़की) के अनीस अहमद, हसन और इमरान ने जोहड़ और नाले पर अवैध कब्जे की शिकायत की। टंडाटीरा बंजारा के ओमपाल सिंह ने स्वामित्व योजना की खतौनी में अपने मकान का नाम दर्ज कराने की मांग रखी।

रावली महदूद कॉलोनी के लोगों ने सिडकुल हाईवे से क्षेत्र तक पक्की सड़क निर्माण की मांग की, जबकि रुड़की निवासी सुमित सैनी ने सिंचाई विभाग के ट्यूबवेल की खराब मोटर ठीक कराने की गुहार लगाई। शिवा कुमार पुत्र नेपाल सिंह ने विद्युत विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि मीटर रीडर गलत रीडिंग दर्ज कर रहे हैं, जिसके कारण अत्यधिक बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, वहां अधिकारी मौके पर जाकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आने वाली प्रत्येक शिकायत प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है और उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की। समीक्षा में सामने आया कि हेल्पलाइन पर बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित हैं। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार सीएम हेल्पलाइन के एल-1 स्तर पर 401 तथा एल-2 स्तर पर 117 शिकायतें निस्तारण के लिए लंबित हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाए और शिकायतकर्ताओं से फोन के माध्यम से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नलिनी ध्यानी, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल दीपक सैनी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सरिता पंवार, परियोजना निदेशक उरेडा वाई.एस. बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# खोए मासूम को चंद घंटों में परिजनों से मिलाया, ज्वालापुर पुलिस की सराहना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में पुलिस की मुस्तैदी और सूझबूझ से एक खोए हुए मासूम बच्चे को कुछ ही घंटों में उसके परिजनों से मिलवा दिया गया। पुलिस की तत्परता से बच्चे के परिवार में खुशी का माहौल है और स्थानीय लोगों ने भी पुलिस टीम की सराहना की। जानकारी के अनुसार ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि गश्त के दौरान सराफा बाजार मस्जिद के पास करीब पांच वर्ष का एक बच्चा अकेले घूमता हुआ मिला। बच्चा अपने परिजनों से बिछड़ गया था और लगातार रो रहा था। पुलिस ने बच्चे से उसके घर और परिजनों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन वह कुछ भी बताने में असमर्थ था।

इसके बाद पुलिस बच्चे को पुलिस चौकी बाजार लेकर आई और उसे सुरक्षित संरक्षण में रखा गया। एसआई मनीष भंडारी ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चे के परिजनों की तलाश के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की और सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से बच्चे की जानकारी प्रसारित कराई। लगातार प्रयासों और मेहनत के बाद एसआई मनीष भंडारी की लगन और सूझबूझ से पुलिस टीम बच्चे के परिजनों का पता लगाने में सफल रही और बच्चे को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और ज्वालापुर पुलिस का आभार जताया। पुलिस टीम में एसआई मनीष भंडारी, हे.कां. गोवर्धन प्रसाद, कां. कपिल गोला शामिल रहे।

# महादेव आईटीआई में जॉब प्लेसमेंट कैंपस, 29 अभ्यर्थियों का चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव फेरुपुर में महादेव प्राइवेट आईटीआई में जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड उत्तराखण्ड द्वारा जॉब प्लेसमेंट कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। जिसमे 29 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के बाद जॉब ऑफर किया गया है।

सोमवार को महादेव प्राइवेट आईटीआई फेरुपुर मे जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के एचआर मैनेजर विनय कुमार द्वारा इलेक्ट्रिशियन एवं फीटर ट्रेड के आपेक्षित छात्र/ छात्राओं के इन्टरव्यू के पश्चात उनतीस अभ्यर्थियों को महादेव आईटीआई में ही सेलेक्ट कर जॉब ऑफर दिया गया। तथा कुछ अभ्यर्थियों को एचआर एवं टेक्निकल इंटरव्यू के बाद डॉक्यूमेंट पूरा करने पर एक सप्ताह के अंदर ऑफर लेटर देने की बात कही। इस अवसर पर महादेव प्राइवेट आईटी के प्रधानाचार्य राकेश वर्मा द्वारा अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ही मन लगाकर ईमानदारी से काम करने का अवहन किया गया। जिससे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में विकसित करने में अभ्यर्थी अपना सहयोग व योगदान प्रदान कर सके। इस अवसर पर शरामिन कंपनी से एचआर राधे पांडेय एवं महादेव आईटीआई का समस्त स्टाफ एव छात्र छात्राए आदि उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया इन्विटेशनल बॉस्केटबाल प्रतियोगिता आज से


शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला बॉस्केबॉल एसोसिएशन की ओर से मां गंगा ऑल इंडिया इन्विटेशनल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिला बॉस्केबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैय्यर ने पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार से प्रेमनगर आश्रम में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय टूर्नामेंट में देश भर से 13 बास्केटबॉल टीम पुरूष और महिला वर्ग के मुकाबलों में प्रतिभाग करेंगी। विकास तिवारी ने कहा कि सरकार खेलों को लगातार बढ़ावा दे रही है। महिला खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। हरिद्वार में ऑल इंडिया स्तर की बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान विकास तिवारी, संजय चौहान, रवि बजाज भी मौजूद रहे।

# जनगणना-2027 के प्रथम एवं द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आगामी जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) वर्ष 2026 तथा द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) वर्ष 2027 में प्रस्तावित है। इसी क्रम में जनपद हरिद्वार में सोमवार को अपर जिलाधिकारी / जिला जनगणना अधिकारी पिंचाराम चौहान की अध्यक्षता में जनपद के समस्त फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नामित मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार तथा जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, उत्तराखंड देहरादून के प्रतिनिधि नीरज कुमार एवं अमीर आलम द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना संबंधी पोर्टल एवं कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि फील्ड ट्रेनर्स द्वारा आगे चार्ज स्तर पर नियुक्त सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को भी प्रशिक्षित किया



जाएगा। इस अवसर पर उत्तम सिंह, यश चौधरी सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड महिला आयोग के निर्देश पर दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। उत्तराखंड महिला आयोग के निर्देश पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव औरंगाबाद निवासी आरजू चौहान ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी 23 नवंबर 2023 को उधम सिंह नगर जिले के जसपुर क्षेत्र के ग्राम कासमपुर निवासी अमित चौहान से हुई थी। विवाह के समय उनके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोने के आभूषण, घरेलू सामान और कार सहित अन्य सामान दिया था। आरोप है कि शादी के अगले ही दिन उनकी सास मालती देवी ने उनके सभी उपहार और सामान अपने कब्जे में ले लिए। इसके बाद पति का व्यवहार बदल गया और वह गाली-गलौज, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न करने लगा। सास मालती देवी और देवर सुमित चौहान भी अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता का आरोप है कि पति कई बार उसके साथ मारपीट कर चुका है और एक बार गला दबाकर जबरन जहर पिलाने की कोशिश भी की गई। गर्भावस्था के दौरान भी उसे प्रताड़ित किया गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे देहरादून के जॉलीग्रांट स्थित हिमालयन अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां समय से पहले प्रसव कराना पड़ा। आरोप है कि बेटी के जन्म के बाद भी पति ने अस्पताल में गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि पति और ससुराल पक्ष के लोग कई बार उसके मायके आकर धमकी दे चुके हैं और नवजात बेटी को जबरन ले जाने की कोशिश कर चुके हैं। सिडकुल थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि मामले में पति अमित चौहान, सास मालती देवी, देवर सुमित चौहान, ननद कुसुम और उसके पति विनय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है

# प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की राजा गार्डन इकाई का किया गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की राजा गार्डन इकाई का गठन किया गया है। नवगठित इकाई में अभिषेक चौहान अध्यक्ष, पंकज बागड़ी महामंत्री, राकेश सैनी कोषाध्यक्ष, आदित्य व चंदन सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा सचिन शर्मा संगठन महामंत्री नियुक्त किए गए हैं। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष डा.विशाल गर्ग, तहसील अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष डा. विशाल गर्ग ने कहा कि एकजुटता से ही व्यापारियों के हितों की रक्षा की जा सकती है। सभी पदाधिकारी एकजुट होकर व्यापारी हितों के कार्य करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन खरीददारी के चलते व्यापार प्रभावित हो रहा है। जल्द ही केंद्र एवं राज्य सरकार के समक्ष व्यापारियों का पक्ष रखा जाएगा। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि व्यापारी टैक्स भुगतान कर अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान देते हैं। सरकार को भी व्यापारियों के हितों का ध्यान रखना चाहिए। डा. विशाल गर्ग ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से हो रही व्यापारियों को हो रही परेशानी को लेकर प्रशासन व गैस एजेंसी मालिकों से बातचीत कर राहत दिलाने का प्रयास भी संगठन करेगा। तहसील अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा व्यापारी हमेशा ही प्रशासन से तालमेल बिठाकर समस्याओं के समाधान में सहयोग प्रदान करते हैं। कुंभ मेले को सकुशल संपन्न कराने में भी व्यापारी निर्णायक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के समक्ष आने वाली परेशानियों को मिलजुल कर हल किया जाएगा। अरविंद त्यागी एवं गर्व बत्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। राजा गार्डन व्यापार मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष अभिषेक चौहान एवं महामंत्री पंकज बागड़ी ने कहा कि सभी को साथ लेकर व्यापारी हितों के लिए काम करेंगे।

# विद्युत चोरी के खिलाफ विभाग ने कार्रवाई कर 17 घरों में पकड़ी चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में विद्युत चोरी पर लगाम कसने के लिए ऊर्जा निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार तड़के ज्वालापुर क्षेत्र में बड़ा छापेमारी अभियान चलाया। मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत ज्वालापुर ऊर्जा निगम की टीम ने ग्राम दीनारपुर और सुखरा सोंग में छापेमारी की। इस दौरान टीम को 17 घरों में चोरी होते मिली। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर एसडीओ अर्चना के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच के दौरान 17 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। कई उपभोक्ता सीधे लाइन से केबल जोड़कर बिजली का अवैध इस्तेमाल करते पाए गए। ऊर्जा निगम की टीम ने मौके पर ही सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए आरोपियों के खिलाफ



विद्युत अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही संबंधित उपभोक्ताओं पर भारी जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की जा रही है। अभियान के दौरान टीम ने बकाया बिजली बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ भी सख्ती दिखाई। कई बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए गए। अधिशासी अभियंता रवि कुमार ने साफ किया कि बिजली चोरी और बकाया बिल को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चेतावनी दी है कि विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। छापेमारी अभियान में जेई मनोज कुमार टांक, मुकेश कुमार, राम कुमार सहित लाइन स्टा से लाइनमैन श्रवण कुमार गिरी, सुशील कुमार, फरमान राव, संजय चौहान, अतुल कुमार, विपिन, वीरेंद्र और चमन लाल आदि मौजूद रहे।

# पड़ोसियों के बीच हुए विवाद में महिला व बेटा घायल, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्र की लेबर कॉलोनी में पड़ोसियों के बीच हुए विवाद में एक महिला और उसका बेटा घायल हो गए। आरोप है कि कुछ लोगों ने घर में घुसकर दोनों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में सेक्टर-2 बीएचईएल स्थित लेबर कॉलोनी निवासी रामधन ने बताया कि 13 मार्च की शाम करीब चार बजे वह घर पर मौजूद नहीं थे। इसी दौरान उनके पड़ोसी रवि, सुंदर, मुकेश, प्रिंस, मनीष, ऋतिक और आर्यन उनके घर पहुंच गए और उनकी पत्नी व बेटे के साथ विवाद करने लगे। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और आरोपियों ने दोनों पर हमला कर दिया। हमले में उनके बेटे के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिससे काफी खून बहने लगा। वहीं उनकी पत्नी के हाथ पर भी किसी धारदार वस्तु से वार किया गया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को बचाया। कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# रसोई गैस की किल्लत को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महंत शुभम गिरी के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। ज्वालापुर स्थित सपा कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान महंत शुभम गिरी ने कहा कि जनता रसोई गैस सिलेंडर के लिए परेशान है। पूरे देश में गैस एजेंसियों के सामने लंबी लाईनों की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं। रसोई गैस की कमी नहीं होने के सरकार और प्रशासन दावे फेल साबित होते नजर आ रहे हैं। सरकार और प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। रसोई गैस नहीं मिलने से कई होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और अन्नक्षेत्र बंद हो चुके हैं। इससे पता चलता है कि देश में गैस का संकट बहुत विकराल है। महंत शुभम गिरी ने कहा कि जनता को राहत देने में नाकाम केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। केंद्र सरकार रसोई गैस की किल्लत दूर करने के लिए कठोर से कठोर कार्रवाई करे।

प्रदर्शन करने वालों में सपा नेता सुमित तिवारी, समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राव धन्नु, राव बिहान, असीम सलमानी, योगेश कुमार, विजय पाल, धीरज सिंह, रईस अंसारी, रोबिन सिंह यादव, सिद्धार्थ शर्मा आदि शामिल रहे।

# जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रही कांग्रेस : रवि बहादुर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक रवि बहादुर ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रही है। हाल ही में गैरसैंण में संपन्न हुए विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस ने जनहित के तमाम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस नेताओं के साथ प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक रवि बहादुर ने कहा कि कांग्रेस के दबाव के चलते विधानसभा सत्र पूरे पांच दिन चला और कांग्रेस विधायक सदन में सरकार को घेरने में कामयाब रहे। एकजुट विपक्ष ने सत्ता पक्ष को जनहित से जुड़े मुद्दों पर जवाब देने के लिए मजबूर किया। बजट को निराशाजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि बजट में युवा, महिलाओं, बेरोजगार, किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया है। पलायन जैसी समस्या का भी कोई समाधान बजट में दिखाई नहीं देता है। अगले वर्ष हरिद्वार में कुंभ मेला होना है। लेकिन राज्यपाल के अभिभाषण में कुंभ मेले की चर्चा के दौरान हरिद्वार का नाम तक नहीं लिया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक शर्मा ने कहा कि बजट सत्र में कांग्रेस विधायकों ने जनता से जुड़े तमाम मुद्दे और सरकार की विफलता को उजागर करने में कामयाब रहे। मनोज सैनी ने कहा कि विपक्ष को दुश्मन के रूप में देख रही सरकार का रूख जनभावनाओं के अनुरूप नहीं है। जनता गैस की किल्लत से जूझ रही है। सरकार और प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद गैस एजेंसियों पर रोजाना लंबी लाईनें लग रही हैं। सोम त्यागी ने कहा कि भाजपा के पास हिंदू मुसलमान के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। लेकिन प्रदेश की जनता अब भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं है। वरिष्ठ कांग्रेस



नेत्री पूनम भगत ने कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रहेगी। प्रेसवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सैनी, विकास चंद्रा, विभाषा सिन्हा, विशाल प्रधान, आशु, राजीव चौधरी, समर्थ अग्रवाल, समीर त्यागी, महरूफ सलमानी सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोबाइल विवाद में दिव्यांग ई-रिक्शा चालक की हत्या

# माता पिता ने सभी आरोपियों को गिरफ्तारी मांगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विष्णु लोक कालोनी निवासी दिव्यांग ई-रिक्शा चालक मनीष की हत्या के मामले में मृतक के माता पिता ने पुलिस से पूरे मामले की गहराई से जांच कर हत्या में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की गुहार लगायी है। मृतक ई रिक्शा चालक के पिता रामाश्रय एवं माता रानी ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि मनीष एक फरवरी से लापता था। इसके बाद उन्होंने पुलिस में उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी। गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद जब पुलिस ने जांच की तो पता चला कि ज्वालापुर निवासी अयान उर्फ सुन्नत कॉल करने के बहाने मनीष का मोबाइल लेकर भाग गया था। जब मनीष ने उसके घर जाकर मोबाइल वापस मांगा और पुलिस में जाने की धमकी दी



तो अयान उर्फ सुन्नत ने अपने साथी बिलाल के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव प्लास्टिक के कट्टे में भरकर झाड़ियों में फेंक दिया था। इसके बाद पुलिस ने मनीष का शव बरामद करने के साथ अयान उर्फ सुन्नत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन बिलाल को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। मृतक मनीष माता पिता ने आरोप लगाया कि मनीष की हत्या केवल मोबाइल फोन की वजह से नहीं हुई। बल्कि षड़यंत्र के तहत की गयी है। इसमें अयान उर्फ सुन्नत तथा बिलाल के अलावा कई अन्य लोग शामिल हैं। इसलिए पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाए। मृतक के माता पिता ने कहा कि वे मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाते हैं। मनीष की हत्या के बाद उसके तीन बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी भी उन पर आ गयी है।

# धनपुरा इंडियन गैस एजेंसी पर भारी भीड़, सिलेंडर के लिए ग्रामीण परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा, स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर इन दिनों ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी जा रही है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को गैस सिलेंडर लेने के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है, फिर भी कई लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से ही एजेंसी के बाहर लंबी कतार लग जाती है। महिलाओं, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग के लोगों को खासतौर पर काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई लोग दूर-दूर के गांवों से आते हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। एक तरफ सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि गैस सिलेंडर का स्टॉक पूरी तरह उपलब्ध है और किसी प्रकार की कमी नहीं है, लेकिन दूसरी तरफ धनपुरा गैस एजेंसी पर लगातार भीड़ और सिलेंडर मिलने




में देरी से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि त्योहार का समय भी नजदीक है, ऐसे में अगर लोगों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिला तो घरों में खाना बनाने तक की समस्या खड़ी हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग और गैस एजेंसी इस समस्या पर तुरंत ध्यान दें और व्यवस्था को सुधारें, ताकि लोगों को समय पर सिलेंडर मिल सके और त्योहार के समय किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। गैस एजेंसी के मैनेजर भानु प्रताप सैनी ने बताया गैस बुकिंग एप्प्स नही कर रहे काम, गैस वितरण संचालक ने कहा बिना बुकिंग के नहीं मिलेगी गैस, क्योकि गैस बुकिंग के हिसाब से ही सिलेंडर आ रहे है। बुकिंग के हिसाब से ही वितरण किया जा रहे हैं।

# स्कूटी से टक्कर लगने के बाद युवक से मारपीट


शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर थाना क्षेत्र के बीएचईएल में स्कूटी से एक बच्चे को हल्की टक्कर लगने के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ लोगों ने स्कूटी सवार युवक के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया और मौके पर पहुंची युवक की बेटी के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लेबर कॉलोनी सेक्टर-5 बी बीएचईएल निवासी ओमपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 मार्च की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से सेक्टर-4 स्थित सामुदायिक केंद्र के पास पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक बच्चे से उनकी स्कूटी हल्के से टकरा गई। उन्होंने तुरंत बच्चे से माफी मांगी और इलाज कराने की बात कही, लेकिन वहां मौजूद कुछ लोग इस बात पर नाराज हो गए। आरोप है कि प्रियांशु, रविंद्र राय और उनके साथ मौजूद अन्य लोगों ने गुस्से में आकर उनकी स्कूटी तोड़ दी और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में ओमपाल की बाईं आंख, सीने और कमर में चोट आई। सूचना मिलने पर उनकी पत्नी और बेटी अंजली मौके पर पहुंचीं तो आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की और बेटी के साथ अभद्रता की। पीड़ित के अनुसार बीच-बचाव करने आए परिवार के अन्य लोगों को भी लाठी-डंडों से पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# कुंभ मेला दिव्य और भव्य स्वरूप से होगा सम्पन्न : अरूण गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आह्वान पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि हरिद्वार कुंभ मेले को विशाल स्तर पर दिव्य और भव्य स्वरूप में संपन्न कराने का अखाड़ा परिषद का निर्णय सराहनीय है। अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी एवं अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी के नेतृत्व में पूर्ण भव्यता के साथ दिव्य स्वरूप में संपन्न होगा। स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि कुंभ मेले के दौरान आह्वान अखाड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ रचनात्मक गतिविधियों का भी आयोजन करेगा। कुंभ मेले में आने वाले अखाड़े के अनुयायियों और अन्य



श्रद्धालुओं को धर्म और अध्यात्म के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए एक लाख पौधे भेंट किए जाएंगे। साथ ही कुंभ मेला क्षेत्र में भी बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि जिस प्रकार संत आपस में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं। उससे समाज में अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। संतो को एक दूसरे पर आरोप लगाने के बजाए आपसी विवादों को आपस में बातचीत कर सुलझाना चाहिए और एकजुट होकर सनातन को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। स्वामी अरूण गिरी ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से अनुरोध किया कि सनातन को बचाने के लिए सभी संतों को एकजुट करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# चार धाम तीर्थयात्रियों को मिलेगा मजबूत स्वास्थ्य कवचः डॉ. रावत

**ई-स्वास्थ्य धाम पोर्टल के जरिए होगी रियल-टाइम मॉनिटरिंग, यात्रा रूट पर तैनात रहेंगी 177 एम्बुलेंस, हेली एम्बुलेंस भी रहेगी मुस्तैद**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। सूबे में संचालित चार धाम यात्रा को लेकर राज्य सरकार ने इस बार विशेष प्रबंध किये हैं। इस बार यात्रा पर आने वाले प्रत्येक तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की 'ई-स्वास्थ्य धाम' पोर्टल पर रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जायेगी। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये 177 एम्बुलेंस का बेड़ा यात्रा रूट पर तैनात रहेगा, साथ ही हेली व वोट एम्बुलेंस भी यात्राकाल के दौरान मुस्तैद रहेगी। इसके अलावा यात्रा मार्गों, मुख्य पड़ावों और चारों धामों की स्थाई एवं अस्थाई चिकित्सा इकाईयों में अनुभवी चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टॉफ भी तैनात रहेगा। सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि स्वस्थ एवं सुरक्षित चार धाम यात्रा के लिये राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा पर आने वाले प्रत्येक तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जायेगा इसके लिये यात्रा मार्गों, मुख्य पड़ावों और चारों धामों की स्थाई एवं अस्थाई चिकित्सा इकाईयों में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जायेगी। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। डॉ. रावत ने बताया कि इस बार यात्रा पर आने वाले प्रत्येक तीर्थयात्री के स्वास्थ्य की 'ई-स्वास्थ्य धाम' पोर्टल पर रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जायेगी,



ताकि श्रद्धालुओं को त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया किया जा सके। उन्होंने कहा कि यात्रा काल के दौरान कुल 177 एम्बुलेंस तैनात की जायेगी। जिसमें 108 आपातकालीन सेवा, एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस के साथ ही कार्डिक एम्बुलेंस सेवा शामिल है। इसके अलावा टिहरी में एक वोट एम्बुलेंस तथा एक हेली एम्बुलेंस भी क्रियाशील रहेगी जिसका संचालन एम्स ऋषिकेश के माध्यम से किया जायेगा। डॉ. रावत ने कहा कि यात्रा मार्गों पर एम्बुलेंस का न्यूनतम रिस्पांस टाइम रहेगा, जिससे तीर्थयात्रियों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्गों पर 25 मेडिकल रिलीफ पोस्ट तथा 33 हेल्थ स्क्रीनिंग प्वाइंट बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर श्रद्धालुओं को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की जायेगी और उन्हें उचित उपचार भी दिया जायेगा। डॉ. रावत ने बताया कि यात्रा के दौरान बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सकों, फार्मासिस्टों व पैरामेडिकल स्टॉफ की रोटेशन के आधार पर तैनाती की जायेगी। जिसमें 16 विशेषज्ञ चिकित्सक, 46 मेडिकल ऑफिसर व 85 पैरामेडिकल स्टॉफ 15 दिन के रोस्टर के आधार तैनात किये जायेंगे। इसके अलावा 100 स्वास्थ्य मित्रों की भी यात्रा मार्गों पर तैनाती की जायेगी।

## बनगाँव-चौपड़ा-कसलाना मोटर मार्ग को वित्तीय स्वीकृति, सीएम का जताया आभार

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र में चिन्यालीसौड़ ब्लॉक के अंतर्गत बनगाँवख्रचौपड़ाख्रकसलाना मोटर मार्ग (द्वितीय चरण) के प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति के लिए भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है।चौहान ने कहा कि राज्य योजना के अंतर्गत उत्तरकाशी जनपद के यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र में चिन्यालीसौड़ ब्लॉक के अंतर्गत बनगाँवख्रचौपड़ाख्रकसलाना मोटर मार्ग (द्वितीय चरण) के निर्माण को 214.07 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। लगभग 5 किमी लंबे इस मोटर मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और आवागमन सुगम होगा और स्थानीय विकास को नई गति मिलेगी। यह मार्ग यमुनोत्री विधानसभा की दोनों घाटियों ष्यमुना घाटी और गंगा घाटीष को जोड़ने में भी एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण की मांग क्षेत्र की जनता करीब 25 वर्षों से लगातार उठा रही थी। जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की बागडोर संभाली और उनका पहला दौरा उत्तरकाशी जनपद में हुआ तब उन्होंने क्षेत्र की जनता कि इस बहुप्रतीक्षित मांग को उनके समक्ष रखा। मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर इस सड़क की स्वीकृति का अनुरोध किया गया और उसी दिन उत्तरकाशी से ही मुख्यमंत्री जी ने से इसकी घोषणा की थी।उन्होंने कहा कि इस कार्य मे समय जरूर लगा, लेकिन आखिरकार मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी पीड़ा और आवश्यकता को समझते हुए इस सड़क को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने क्षेत्रवासियों की ओर से भी सीएम का आभार जताया। सरकार का यह कदम पहाड़ के गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक और मजबूत प्रयास है। चौहान ने कहा कि सीएम धामी राज्य मे समावेशी विकास के लिए तत्पर हैं और पर्वतीय क्षेत्रों मे सुनियोजित विकास का ही नतीजा है कि राज्य मे अब रिवर्स पलायन हो रहा है।

## तहसील परिसर में बनेगा उत्तराखंड आंदोलनकारियों का शहीद स्मारक

**विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने किया स्थल निरीक्षण**

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों की स्मृति को संजोने के लिए विकासनगर में शहीद स्मारक के निर्माण की दिशा में पहल तेज हो गई है।

सोमवार को विकासनगर तहसील परिसर में प्रस्तावित शहीद स्मारक के लिए भूमि चयन को लेकर क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने विभागीय अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और स्मारक निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का जायजा लिया।

गौरतलब है कि 9 नवम्बर 2025 को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने क्षेत्र में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीद आंदोलनका. रियों की स्मृति में शहीद स्मारक बनाने की घोषणा की थी। उसी घोषणा के क्रम में अब प्रशासनिक स्तर पर इसकी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

निरीक्षण के दौरान विधायक चौहान ने अधिकारियों के साथ तहसील परिसर के विभिन्न स्थानों का अवलोकन कर स्मारक के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शहीद स्मारक का निर्माण होने से आने वाली पीढ़ियों को उत्तराखंड आंदोलनका. रियों के संघर्ष और बलिदान की प्रेरणा मिलेगी तथा लोग राज्य आंदोलन के इतिहास से परिचित हो सकेंगे। इस अवसर पर विकासनगर गढ़वाल सभा के अध्यक्ष रोशन नेगी, वरिष्ठ आंदोलनकारी उर्मिला शर्मा, जयकृष्ण सेमवाल, अनिल कांडपाल, शूरवीर सिंह चौहान,लक्ष्मी कोठियाल, धीरेंद्र पटवाल, संजय गुप्ता, राजेश नौटियाल, संतोष रावत, धर्मेंद्र ठाकुर, कमलेश रावत, अजय जुयाल, कांति रावत, त्रिलोक सिंह रावत, प्रशांत जैन, रिकेश शर्मा, अनूप रावत, नरेश चौहान, विजयपाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## छात्रावास भवन से अस्थायी पशु उपचार केंद्र हटाने की मांग तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**फाटा/रुद्रप्रयाग।** राजकीय इंटर कॉलेज फाटा के छात्रावास भवन में संचालित अस्थायी पशु उपचार केंद्र को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों का क्रमिक अनशन सातवें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने छात्रावास भवन को कब्जामुक्त कराने की मांग दोहराते हुए प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है।

क्रमिक अनशन के सातवें दिन छात्रावास संघर्ष समिति के प्रति. निधिमंडल ने जिलाधिकारी विशाल मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए 23 मार्च को विशाल जन आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि छात्रावास भवन से संचालित पशु उपचार केंद्र को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया गया, तो क्षेत्रीय जनता बड़े स्तर पर आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ग्राम प्रधान रविग्राम रामेश्वर प्रसाद जमलोकी ने बताया कि उनकी एकमात्र मांग है कि राजकीय इंटर कॉलेज फाटा के छात्रावास भवन पर निजी संस्था द्वारा संचालित पशु उपचार केंद्र को तुरंत अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि छात्रावास को मूल उद्देश्य के लिए उपयोग में लाया जा सके। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजाराम सेमवाल ने कहा कि बच्चों के छात्रावास भवन पर निजी संस्था द्वारा कब्जा किया गया है, जिसे हटाने के लिए क्षेत्रीय जनता को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। क्रमिक अनशन के सातवें दिन भी युवा, बुजुर्ग और मातृशक्ति आंदोलन को समर्थन देने के लिए अनशन स्थल पर डटे रहे। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य खड़िया योगिता नेगी रावत, पीटीए अध्यक्ष जसपाल राणा, चरण सिंह मेहरा, त्रिलोक खोयाल, अमित सेमवाल, पूर्व प्रधान उमेंद्र रमोला सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## नेशनल हाईवे तहसील चौक से अंबाड़ी तक बनाए जाने के विरोध में उतरे क्षेत्रवासी

**सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को प्रेषित किया ज्ञापन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** जिला पंचायत सदस्य सुमित नेगी के नेतृत्व में एटनबाग विकासनगर वासियों ने दिल्ली यमुनोत्री नेशनल हाईव चौड़ीकरण को लेकर तहसील चौक से गुडरिच चायबागान होते हुए अंबाड़ी तक जाने वाले एलाइनमेंट को रद करने की मांग की है। एटनबाग निवासियों ने इस मामले को लेकर सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को एसडीएम विक. ासनगर के माध्यम से एक ज्ञापन प्रेषित किया है।

ज्ञापन में कहा गया कि विकासनगर देहरादून क्षेत्र में प्रस्तावित दिल्ली यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण की योजना के अंतर्गत




धर्मावाला चौक से 16 किमी. (राष्ट्रीय मार्ग संख्या 507) तक 2 लेन से 4 लेन में परिवर्तित किए जाने की स्वीकृति जो तहसील चौक से गुडरीच चायबागान होते हुए अंबाड़ी तक वाले एलाइनमेंट का जो प्रस्ताव रखा गया है वह स्थानीय पर्यावरण के लिए अत्यंत चिंता. जनक है। एटनबाग वासियों ने कहा कि इस मार्ग पर वर्षो पुरान हजारों वृक्ष, देश विदेश के पक्षियों का बसेरा, खेत खलियान एवं हरित क्षेत्र स्थित है। उन्होंने कहा कि यदि इस एलाइनमेंट पर कार्य आगे बढ़ता है तो भारी संख्या में पेड़ो का कटान होगा, ग्रामीण आवासीय क्षेत्र एवं हरित क्षेत्र प्रभावित होंगे जिसके परिणामस्वरूप गंभीर समस्याएं उत्पन्न होगी।


एटनबाग वासियों ने कहा कि हजारों पेड़ों के कटने से क्षेत्र की जैव विविधता नष्ट हो जाएगी और कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि होगी। कहा पेड़ों की एवं हरित क्षेत्र की बलि देकर सड़क बनाना इस विजन के प्रतिकूल है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया है कि तहसील चौक से गुडरिच चायबागान होते हुए अंबाड़ी तक वाले एलाइनमेंट के विकल्प को रद किया जाए ताकि विक. ासनगर क्षेत्र की जनता और यहां का पर्यावरण सुरक्षित रह सके। ज्ञापन में पूर्व ग्राम प्रधान एटनबाग प्रवीण कुमार एडवोकेट, संतोष, सूरज, सुलोचना, विमला, रीता, शांति, रेखा, राजेश कुमार, ग्राम पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 12 बादामावाला श्रृषभ कुमार आदि के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## एक नजर .......

### भीमावाला-नावघाट पुल गुरू गोविंद सिंह के नाम पर किए जाने की मांग

**विकासनगर।** उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य संजय जैन ने उत्तराखंड के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भीमावाला-नावघाट पुल का नामकरण गुरु गोबिन्द सिंह जी के नाम पर किए जाने की माँग की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के विकासनगर और हिमाचल प्रदेश के सिरमौर को जोड़ने वाला यह सेतु गुरु गोविंद सिंह जी की तप स्थली ग्राम भगानी को जोड़ता है। भगानी साहिब एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक स्थल है। इस कारण उक्त पुल का नाम गुरु श्री गोविन्द सिंह सेतु किया जाना जनभावनाओं के अनुरूप होगा।

### नवाबगढ़ खनिज भंडारण पर खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, पोर्टल किया बंद



विकासनगर। खनन विभाग देहरादून द्वारा जिला खान अधिकारी ऐश्वर्या शाह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में नवाबगढ़ क्षेत्र में संचालित एक खनिज भंडारण पर अनियमितताएं पाए जाने के बाद उसका पोर्टल तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है।विभागीय टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान भंडारण संचालन में कई अनियमितताएं सामने आईं। जांच के दौरान नियमों का पालन न होने और व्यवस्थाओं में खामियां पाए जाने पर खनन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित खनिज भंडारण का पोर्टल बंद करने की कार्रवाई की। खनन विभाग के अनुसार क्षेत्र में खनिज भंडारण और खनन गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन या अनियमितता पाई जाती है तो विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा की पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने की खली से मुलाकात

**सहिया।** देहरादून जिले के लाखामंडल निवासी भाजपा की पूर्व उपाध्यक्ष बचना शर्मा और ओमप्रकाश ने एक समारोह में द ग्रेट खली और पूर्व खेल



मंत्री से नारायण सिंह राणा से मुलाकात की है। बचना ने बताया की द ग्रेट खली से मुलाकात के दौरान खली ने अपने जीवन के कई अनुभव भी साझा किए। यह मुलाकात जिला करनाल के ग्राम सलवान में की गई है। इस दौरान राजीव रावत, फिल्म डायरेक्टर रामगोपाल राणा, पोरस राणा भी मौजूद रहे।

## ककाड़ी में 'गांव का पानी, गांव की बोतल' अभियान शुरू



शाह टाइम्स संवाददाता

**सहिया।** कालसी के खंड विकास अधिकारी जगत सिंह, ग्राम प्रधान सुंदर सिंह बिष्ट और महाविद्यालय चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने किया नई पहल का शुभारंभ।

ग्राम ककाड़ी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान ग्रामवासियों और स्वयंसेवकों ने मिलकर पानी के उपयोग को लेकर एक नई पहल की शुरुआत की है। सामूहिक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गांव में होने वाले विवाह समारोहों और धार्मिक आयोजनों में बाजार से बोतलबंद पानी मंगाने के बजाय गांव के स्वच्छ प्राकृतिक जल स्रोतों का ही उपयोग किया जाएगा और बोतलों को स्थानीय स्तर पर भरकर इस्तेमाल किया जाएगा।

दरअसल जौनसार-बावर क्षेत्र में इन दिनों शादियों में होने वाले फिजूलखर्च को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। ऐसे में केवल खर्च कम करने की बात करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी जरूरी है कि समाज को ऐसे व्यवहारिक विकल्प दिए जाएं जिनसे अनावश्यक खर्च को वास्तव में कम किया जा सके। इसी सोच के साथ एनएसएस स्वयंसेवकों और ग्रामवासियों ने मिलकर "गांव का पानी-गांव की बोतल" की इस पहल को शुरू करने का निर्णय लिया। जौनसार-बावर क्षेत्र में हर वर्ष लगभग 500 से 700 शादियां होती हैं, जिनमें से औसतन लगभग 200 शादियां ऐसी होती हैं जिनमें अपेक्षाकृत अधिक खर्च किया जाता है। इन शादियों में पानी की बोतलों पर ही काफी धन खर्च हो जाता है। सामान्यतः एक शादी में 2000 से 10000 तक पानी की बोतलों का उपयोग होता है और औसतन लगभग 30 हजार से 50 हजार रुपये तक केवल पानी पर ही खर्च हो जाता है, जबकि पहाड़ों में स्वच्छ और प्राकृतिक जल स्रोत सहज रूप से उपलब्ध हैं। यदि इन आयोजनों में बाहर से बोतलबंद पानी मंगाने के बजाय गांव के स्वच्छ जल को ही बोतलों में भरकर उपयोग किया जाए, तो अनुमानित रूप से लगभग 70 प्रतिशत तक खर्च कम किया जा सकता है।

## तिलवाड़ा से लापता विवाहिता श्यामपुर देहरादून में मिली

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड जखोली के अंतर्गत पट्टी भरदार के जाखाल गांव की एक विवाहिता बीते तीन दिन पहले तिलवाड़ा से अचानक कई लापता हो गई। बताया जा रहा है कि महिला अपने मायके में आयोजित चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आई थी। शादी समारोह के बाद वह ससुराल लौटने के लिए निकली, लेकिन तिलवाड़ा क्षेत्र से अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन करने के बावजूद महिला का कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया। जिसके बाद पुलिस ने ढूंढखोज तेज कर दी। परिजनों की ओर से उप जिलाधिकारी तहसील जखोली को गुमशुदगी की तहरीर दी गई। जिसमें लापता बेटी के पिता गोविंद सिंह ने बताया कि उनकी बेटी रिंकी देवी 14 मार्च को सुबह आठ बजे अपने चाचा गंभीर सिंह की गाड़ी से अपने ससुराल जाखाल के लिए निकली थी।



## कार्यालय जिला पंचायत देहरादून

पत्रांक सं. : 2758/VI/यू.कि./ 2026-27 दिनांक : 16.03.2026

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जिला पंचायत देहरादून द्वारा जनपद देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत स्थापित कुल 40 यूनीपोलों जिनकी संख्या घट-बढ भी सकती है, को व्यवसायिक उपयोग हेतु एक वर्ष अर्थात 01.04.2026 से 31.03.2027 तक के लिये किराये पर दिया जाना है, जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों/ ठेकेदारों से शीलबन्द निविदायें दिनांक 30.03.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। नीलामी की मुख्य शर्तें निम्नवत् है:-

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में शील बन्द लिफाफे मे ही स्वीकार की जायेगी। लिफाफे के बाहर साफ ढंग से मोटे-मोटे अक्षरों में **''यूनीपोल को किराये पर लेने हेतु निविदा''** लिखा होना चाहिए। निविदा प्रपत्र रू. 1,000/- (जी.एस.टी. 18 प्रतिशत अलग से देय) शुल्क जमा कर दिनांक 29.03.2026 सायं 5.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। 2. स्थापित यूनीपोल का विकास खण्डवार विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | विकासखण्ड | यूनीपोलों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | चकराता | 09 |
| 2 | कालसी | 09 |
| 3 | विकास नगर | 02 |
| 4 | सहसपुर | 12 |
| 5 | डोईवाला | 08 |
| | **योगः-** | **40** |

3 यूनीपोल के किराये की न्यूनतम धनराशि रू. 5,200/-(रू.पांच हजार दो सौ मात्र) प्रति यूनीपोल प्रतिमाह निर्धारित है। निविदा प्रपत्र में प्रति यूनीपोल के किराये की धनराशि साफ-साफ अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य है।

4. निविदादाता को उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

5. निविदा प्रपत्र के साथ कुल 40 यूनीपोलों की वार्षिक किराये की कुल न्यूनतम धनराशि रू. 24,96,000/-की 10 प्रतिशत धनरा. शि रू. 2,49,600/- (रू. दो लाख उनपचास हजार छः सौ मात्र) की एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के पदनाम से बंधक हो, प्रतिभूति/ जमानत राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है।

6. निविदा प्रपत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत कम से कम रू. 20.00 लाख का हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र जो 06 माह से पुराना न हो, स्थायी निवास प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

7. निविदादाता पर जिला पंचायत, देहरादून की किसी भी प्रकार की कोई देयता शेष नहीं होनी चाहिए। यदि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदादाता पर जिला पंचायत की कोई देयता निकलती है, तो उसका ठेका तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी रहेगा।

8.ठेकेदार को अनुबंध के समय किराये की कुल धनराशि के 02 प्रतिशत के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प कार्यालय में जमा कराने अनिवार्य होगें।

9. ठेका स्वीकृत/अस्वीकृत करने ठेके की शर्तों में परिवर्तन करने अथवा आमंत्रित निविदाओं को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा।

10. ठेके से संबंधित अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, देहरादून**

## कार्यालय जिला पंचायत देहरादून

संख्याः 2757/जि.पं.दे.दून/2025-26 दिनांक 16.03.2026

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र संख्याः 2640, दिनांक 02.03.2026 द्वारा **''होर्डिंग/यूनीपोल शुल्क वसूली ठेके''** हेतु दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक शीलबन्द निविदाऐं आमंत्रित की गयी हैं। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा की तिथियॉ निम्नवत् संशोधित की जाती हैं। शेष शर्तें यथावत रहेगी।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अन्तिम तिथि-25.03.2026 सायं 5:00 बजे तक।
2. निविदा कार्यालय जिला पंचायत देहरादून में प्राप्त होने की तिथि-27.03.2026 अपरान्ह् 2:00 बजे तक।
3. निविदा खोले जाने की तिथि-27.03.2026 अपरान्ह् 3:00 बजे।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत देहरादून**

## यूजेवीएन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः ''उज्जवल'' महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 219 दि0: 16.03.2026

**अल्पकालीन ई -निविदा तिथि विस्तार सूचना-01**

अपरिहार्य तकनीकी कारणों से "इछाड़ी पंप भंडारण परियोजना (600 मेगावाट) के निष्पादन हेतु ईपीसी/टर्नकी अनुबंध आधार पर बोली दस्तावेज़ का मसौदा तैयार करना, तथा परियोजना के क्रियान्वयन के लिए यूजेवीएनएल की ओर से सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ प्राप्त करना" के कार्य करने हेतू आमंत्रित अल्पकालीन ई0 निविदा सं0-10/UJVNL/EE(I&P-II)/2025-26 की तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है:-

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 23.03.2026 17:00 बजे तक।**

**दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि (ऑफलाइन/मूल प्रति):** 27.03.2026 17:00 बजे तक।

**निविदा भाग-1 को खोलने की तिथिः** 28.03.2026 को 15:30 बजे।

निविदा की अन्य सभी शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे।

अन्य जानकारी हेतु कृपया-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"https://uktenders.gov.in"** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (I&P-II)**

''बिजली के दुरूपयोग से बचें''

## यूजेवीएन लिमिटेड

मुख्यालय 'उज्जवल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्याः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांकः 221 **निविदा सूचना** दिनांक 16.03.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुएवंउ0) कुल्हाल विद्युत गृह इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा सं0-13/यूजेवीएनलि0/अअ(अनुएवंउ0)/केपीएस/2025-26 :** ओवरहेड 33 के0वी0 मीडियम वोलटेज कवर्ड कंडक्टर (MVCC) को हटाकर 33 के0वी0 XLPE केबल को अंडरग्राउंड करने का कार्य।

**निविदा सं0-14/यूजेवीएनलि0/अअ(अनुएवंउ0)/केपीएस/2025-26 :** कुल्हाल विद्युत गृह के विभिन्न कार्यालयों के लिए विभिन्न प्रकार की केनन कंपनी की प्रिंटर कार्टिज की खरीद के सम्बन्ध में।

**निविदा सं0-15/यूजेवीएनलि0/अअ(अनुएवंउ0)/केपीएस/2025-26 :** कुल्हाल विद्युत गृह मे स्थित शार्प डीएक्स 2000यू फोटोकॉपी मशीन की टोनर कार्टिज की खरीद के सम्बन्ध में।

अनुमानित लागत : रु0 9,52,348/- रु0 1,32,380/- एंव रु0 69,605/-. जी0एस0टी0 अतिरिक्त।

वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 18/03/2026, 11:00 बजे

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 08/04/2026, 15:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता, कुल्हाल**

''बिजली के दुरूपयोग से बचें''

# गुडवर्क : मंगलौर पुलिस ने दबोचा एक कार लुटेरा

## हरियाणा से दोस्तों के साथ आया था घूमने, नशा पूरा करने को लूट डाली कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली पुलिस ने कार लूट की एक सनसनीखेज घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और लूटी गई नेक्सोन कार बरामद कर ली। आरोपी हरियाणा से अपने दोस्तों के साथ हरिद्वार घूमने आया था और नशे व शौक पूरे करने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार 14 मार्च की शाम डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि तीन अज्ञात युवकों ने मंगलौर क्षेत्र के नगला ऐमाद निवासी रोहित कुमार की नेक्सोन कार लूट ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित की निशानदेही पर आरोपियों व वाहन की तलाश शुरू कर दी। भागते समय लुटेरों ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे कार का आगे का टायर फट गया। तेज गति से आगे न बढ़ पाने पर आरोपी लिब्बरहेड़ी फ्लाईओवर के पास कार छोड़कर खेतों की ओर भाग निकले। पुलिस ने मौके से लूटी गई कार कब्जे में लेकर मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीमों का गठन कर लगातार चेकिंग अभियान चलाया गया। डिजिटल साक्ष्यों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर मुख्य आरोपी की पहचान कर उसे मंगलौर क्षेत्र से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हरियाणा से अपने दोस्तों के साथ हरिद्वार घूमने आया था। यहां शराब पीने के दौरान दोस्तों से विवाद हो गया और वे उसे छोड़कर वापस चले गए। दोस्तों को दिखाने के लिए कि उसके पास भी गाड़ी है, उसने रुड़की से किराये पर कार बुक की और योजनाबद्ध तरीके से चालक को धक्का देकर कार लूट ली।



**❖शराब पीने के दौरान विवाद होने पर छोड़कर चले गए थे दोस्त, टशन में कर दी वारदात**

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई नेक्सोन कार और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम: प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज गैरोला, उपनिरीक्षक प्रवीण विष्ट, उपनिरीक्षक हेमदत्त भारद्वाज, हेड कांस्टेबल अमित शर्मा, कांस्टेबल अरविन्द, कांस्टेबल सुधीर, कांस्टेबल विनोद व कांस्टेबल नरेश।

# नाबालिग पुत्र के वाहन चलाने पर पिता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के वाहन चलाने पर पिता का चालान होने पर न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक द्वारा उप निरीक्षक आनंद मेहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर वारंटियों की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 01 वारंटी अशोक कुमार पुत्र रणधीर सिंह निवासी मकान नंबर 372 /1 गांधीनगर रुड़की थाना कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को सोत मोहल्ला रुड़की से गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि वारंटी के नाबालिक पुत्र का वाहन चलाते समय रुड़की पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम में चालान काटा गया जिसमें न्यायालय द्वारा नाबालिक के पिता का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक आनंद मेहरा, कांस्टेबल गोविंद आदि शामिल रहे।

# गैस की किल्लत को देखते हुए खाद्य पूर्ति विभाग अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर में गैस की किल्लत को देखते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

सोमवार को अधिकारियों को सूचना मिली कि लंढोरा रोड पर एक ट्रक से गैस सिलेंडर बेचे जा रहे हैं, जो कि पूरी तरह से नियमों के खिलाफ है। मौके पर पहुंचे आरओ मदन सिंह रावत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बिक्री पर रोक लगाई और डिलीवरी कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि डिलीवरी घर पर या एजेंसी से ही की जाएगी, सड़क पर नहीं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे ऑनलाइन बुकिंग करें या एजेंसी पर जाकर अपनी बुकिंग कराएं, ताकि उन्हें परेशानीयों का सामना न करना पड़े।

# आपस में झगड़ा कर रहे तीन लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर आपस में गाली गलौज व मारपीट झगड़ा कर रहे तीन लोगों का शांति भंग में चालान किया है।

जानकारी के अनुसार ग्रााम लिब्बरहेडी के झगड़े को लेकर कुछ व्यक्ति झगडा कर एक दूसरे पर मारपीट पर उतारू थे इनको काफी समझाने का प्रयास किया गया परंतु आमदा फसाद रहे तथा मारपीट व झगड़ा पर उतारू हो रहे। मौके पर शान्ति भंग होने के अंदेशे से अन्य कोई चारा न देख निम्न 03 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस के जुर्म से अवगत कराते हुए हिरासत में लिया। अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। नाम पता आरोपित-नदीम पुत्र इलियास निवासी लिब्बरहेडी मंगलौर, भूरा उर्फ इसराईल पुत्र इलियास निवासी उपरोक्त तथा जाहिद पुत्र ताहिर निवासी ग्राम लिब्बरहेडी मंगलौर। पुलिस टीम में उ0नि0 मनोज कठैत, कानि0 पप्पू कश्यप, कानि0 जफर, हो0गा0 मैनपाल आदि शामिल रहे।

# अवैध सीवर कनेक्शन रखने वालों पर चलेगा विजिलेंस का चाबुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में एडीबी के सीवर अवैध कनेक्शन पर उत्तराखंड जल संस्थान गंगा कड़ी कार्यवाही करने जा रहा है। अवैध सीवर कनेक्शन की जांच के लिए देहरादून से विजिलेंस कारवाई करेगी।

गौरतलाब है कि जल संस्थान में शासन द्वारा विजिलेंस गठित कर दी गई है रुड़की शहर में लगातार हों रहे निर्माण कमर्शियल कॉम्प्लेक्स प्रतिष्ठानों का निमार्ण युद्ध स्तर पर चल रहा है जिनके सीवर कनेक्शन भी किए जाने मैंडेटरी है आर बड़े प्रतिष्ठानों को नियमानुसार एटीपी एसटीपी पीसीबी के पैरामीटर अनुसार जरूरी है परंतु कुछ प्रतिष्ठान नियमों का पालन ना कर अवैध सीवर हेतु टीम का गठन भी कर लिया गया है जो अवैध कनेक्शंस की जांच कर नोटीस ओर जुर्माने की कारवाई करेगी। आज टीम ने सिविल लाइंस और हरिद्वार रोड़ पर दो बड़े कॉम्प्लेक्स की माप की है और नॉटिस की तैयारी की जा रही है मलकपुर चुंगी पर एक कॉम्प्लेक्स की रिपोर्ट तयार कर एचआरडीए को भी रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी उक्त कॉम्प्लेक्स द्वारा खुले आम रोड़ पर गंदा पानी बहाया जा रहा है जिसकी शिकायत लोगो द्वारा उपखंड अधिकारी जुनैद गौड से की गई थी। रुड़की नगर अनेक सरकारी गैर सरकारी बड़े कार्याल्य है जिनमे सीवर संचालन अनुरक्षण शाखा गंगा विभाग द्वारा किया जाता है रुड़की नगर में घेरलू अघेरलु कनेक्शंस की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम मोहल्लावार जांच करेगी और अवैध कनेक्शंस पाए जाने पर नोटिस और जुर्माने की कारवाई की जाएगी। वर्तमान में रुड़की नगर का विस्तार हो रहा है और जगह जगह सीवर कनेक्शन बढ़ रहे है जिसके लिए अधीसाशी अभियंता ने बैठक ली थी और अवैध कनेक्शनधारकों के खिलाफ कड़ी कारवाई के निर्देश दिए गए थे।



उपखंड अधिकारी जुनैद गौड ने बताया नियमानुसार नगर निगम क्षेत्र में खुले में मल छोड़ना वर्जित है एस प्रकार के कॉम्प्लेक्स और प्रतिष्ठानों का ब्योरा जुटाया जा रहा है एवम इनकी रिपोर्ट हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण को भी प्रेषित की जाएगी। मलकपुर चुंगी पर एक मार्केट कॉम्प्लेक्स की माप कर ली गई है नोटिस बनाया जा रहा है उक्त कॉम्प्लेक्स द्वारा नियमों का पालन ना कर खुले में गंदा पानी छोड़ा जा रहा है इसकी रिपोर्ट एचआरडीए को भी प्रेषित की जा रही हैं।

# लक्सर पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ़्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया सूचना मिली थी की दो व्यक्ति आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं सूचना पर तुरंत ही पुलिस को भेजा गया पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सोनू पुत्र लियाकत ग्राम भीक्कमपुर जीतपुर थाना लक्सर अनीस अहमद खान पुत्र लाल्ला हसन निवासी नगर पंचायत सुल्तानपुर कोतवाली लक्सर बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आशीष भट्ट कांस्टेबल कपिल देव होमगार्ड नीटू सिंह शामिल रहे।

